हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

07 संवेदनशीलता को देखते हुए उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा...



08 उदनखेड़ी में शॉर्ट सर्किट से फिर जली 15 बीघा फसल





## खबर संक्षेप

### आज से सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

**सीहोर।** जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज के मुखरविन्द द्वारा गुरुवार से 18 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जायसवाल परिवार की ओर से बताया कि कथा का शुभारंभ गुरुवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे गंगा आश्रम स्थित होटल सविराज से आरंभ होकर कथा स्थल शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर पहुंचेगी और उसके उपरांत प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक जारी रहेगी। समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन कथा श्रवण करने की अपील की है।

### गेहूं उपार्जन व्यवस्था की निगरानी व समीक्षा के लिए समिति गठित

**सीहोर।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था की निगरानी एवं समीक्षा और बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रि-मंडल समिति गठित की गई है। समिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल सदस्य मनोनीत किये गये हैं।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है।

### लोक अदालत 14 को होंगे समझौते

**सीहोर।** आगामी 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने हेतु अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### प्रजेंटेशन आर्किटेक्ट द्वारा दिया था, न्यायालय में था प्रकरण विचाराधीन

# मां बगलामुखी मंदिर पर वास्तु अनुसार आग्नेय कोण में हो यज्ञशाला का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गत दिनों विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर बगलामुखी लोक के कार्यो का प्रजेंटेशन आर्किटेक्ट द्वारा दिया गया था जिसमें यज्ञशाला मंदिर के पीछे लखुंदर नदी के किनारे बनाने का प्रस्ताव था जोकि वास्तु एवं हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार नहीं है। वास्तु व हिन्दू धर्म की मान्यता अनुसार यज्ञशाला मंदिर के आग्नेय कोण में होना चाहिए। प्रशासन को उसी अनुसार उसे योजना में शामिल करवाकर निर्माण करवाना चाहिए।

हिन्दू धर्म की मान्यता व वास्तु अनुसार किसी भी मंदिर अथवा देव स्थान पर यज्ञशाला मुख्य मंदिर के आग्नेय कोण में होना चाहिए जिससे कि सम्बंधित यजमान को हवन करने का फल प्राप्त होता है। इसी को ध्यान में रखते हुवे नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर स्थायी यज्ञशाला का निर्माण नहीं हो पाया था क्योंकि आग्नेय कोण की भूमि को लेकर न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन था। इस प्रकरण का फैसला शासन के पक्ष में होने के बाद प्रशासन द्वारा मां बगलामुखी लोक के निर्माण का प्लान एक आर्किटेक्ट से बनवाया है जिसका प्रजेंटेशन गत दिनों मां बगलामुखी मंदिर परिसर में दिया गया। दिए गए प्रजेंटेशन में हिन्दू धर्म की मान्यताओं व वास्तु के अनुसार यज्ञशाला नही बनाते हुवे लखुंदर नदी के किनारे बनाने का प्लान रखा गया जोकि गलत है। चूंकि वर्षो से जिम्मेदार आग्नेय कोण की भूमि विवादित होने के चलते विवाद समाप्त होने के बाद आग्नेय कोण में यज्ञशाला निर्माण की बात कहते आये है लेकिन अब जबकि सम्बंधित भूमि का निर्णय शासन के पक्ष में हो चुका है तो आग्नेय कोण के स्थान पर मंदिर के पीछे लखुंदर नदी के किनारे यज्ञशाला निर्माण का कोई औचित्य दिखाई नही देता है। शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों व सरकार के नुमाइंदों को मां बगलामुखी मंदिर की प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए हिन्दू धर्म की मान्यताओं व वास्तु अनुसार आग्नेय कोण में यज्ञशाला का निर्माण करवाना चाहिए। इसके लिए धर्माचार्यो व वास्तुविदों से भी चर्चा की जाना चाहिए।





#### पूर्व में भी बनाया गया था प्लान

मां बगलामुखी लोक के लिए इसके पूर्व लगभग 4-5 वर्ष पूर्व भी एक प्लान बनाया गया था। इस प्लान में आग्नेय कोण की भूमि विवादित होने से यज्ञशाला निर्माण को शामिल नही किया गया था। इसके प्रजेंटेशन के दौरान सम्बंधित आर्किटेक्ट द्वारा बताया गया था कि विवादित भूमि का न्यायालय से निर्णय आने के बाद आग्नेय कोण में वास्तु अनुसार यज्ञशाला का निर्माण किया जावेगा। उसी आधार पर जिम्मेदार अधिकारी यज्ञशाला निर्माण के लिए न्यायालय के निर्णय का इंतजार करने का कहते आ रहे थे।

#### हवन अनुष्ठान का है विशेष महत्व


नगर में स्थित पांडवकालीन विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर हवन अनुष्ठान का विशेष महत्व बताया जाता है। विधि विधान से हवन अनुष्ठान करने पर माता रानी भक्तों की हर मनोकामना तत्काल पूर्ण करती है। भक्तों की मनोकामना पूर्ण होने से यहाँ प्रतिदिन सैकड़ो हवन एवं नवरात्रि, अवकाश के दिनों अथवा किसी पर्व विशेष पर डेढ़ से दो हजार हवन प्रतिदिन होते है।

### दर्शन कर किया हवन अनुष्ठान

# उप्र के उप मुख्यमंत्री मौर्य पहुंचे मां के दरबार, लिया आशीर्वाद



भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। गुरुवार को उप्र के उप मुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य सपत्नीक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर देश एवं प्रदेश में सुख, समृद्धि और शांति के साथ सर्वजन के कल्याण की कामना की। दर्शन के बाद श्री मौर्य ने मां के आंगन में विशेष हवन अनुष्ठान भी किया। इसके उपरांत श्री मौर्य श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज (पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री मौर्य के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, महामंत्री शिवम नागर, कोषाध्यक्ष संजय तोमर सहित पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर पुष्प गुच्छ भेट किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष कमल मंडलोई, एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव भी उपस्थित थे।



### कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप का समाज जनों ने किया स्वागत सम्मान

**सीहोर।** अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद शिमला हिमाचल प्रदेश वीरेंद्र कश्यप एवं उनके साथ शहर पधारे अखिल भारतीय कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमर दीप कंसोरिया ,के सीहोर आगमन समाज जनों ने पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश कोली के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तीनों का भव्य स्वागत कर चिंतामन गणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार कंसोटिया ,सरपंच जगन्नाथ कोली ,घनश्यामदास नरवरिया , तहसील अध्यक्ष तेजसिंह चौहान ,युवा समाजसेवी पीयूष धीमान , आकाश शाक्य,व अन्य समाज जन उपस्थित थे इस अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप,प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया,कार्यकारी प्रदेश अमरदीप कंसोरिया ने गणेश मंदिर पर पूजा अर्चना कर रेस्ट हाउस में बैठक कर समाज की समस्याओं को सुना और समाज में एकता बनाए रखने की अपील की उन्होंने कहा कि समाज की सबसे बड़ी ताकत समाज का संगठन है। इस अवसर पर अनेकों समाज जन उपस्थित थे।

### मंदिर में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

# भगवान आदिनाथ की जयंती पर दिगंबर जैन समाज ने निकाली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए वहीं नगर में रथ यात्रा भी निकाली गई। जो नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। चल समारोह में श्री जी को रजत वेदीजी में विराजित कर निकाला गया। गुरुवार को दिगंबर जैन समाज द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी की जयंती मनाई गई। भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर नीमा कॉलोनी स्थित 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक आयोजन किए गए। प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, नित्य नियम पूजन लाभार्थी परिवारों के साथ समाजजनों द्वारा किया गया। उसके पश्चात नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से एक चल समारोह गाजे-बाजे ढोल धमाकों के साथ नगर में निकाला गया। चल समारोह में रजत वेदी में श्री जी को विराजित कर समाज के युवा पूजन के वस्त्र में वेदीजी को कंधों पर उठाकर चल रहे थे। चल समारोह में महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल थी। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा जहां देव दर्शन के पश्चात चल समारोह वापस नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा जहां आदिनाथ भगवान का अभिषेक पूजन किया गया। प्रभावना वितरित की गई।



# गणगौर ग्रुप की महिलाओं ने निकाली फूलपाती



**नलखेड़ा।** नगर कि महिलाओं द्वारा 16 दिवसीय गणगौर उत्सव में फूल पाती का चल समारोह निकाला जा रहा है। जिसमें बालिकाओं को ईशर गणगौर स्वरूप में दूल्हा दुल्हन बनाया जाता है। नगर के गणगौर ग्रुप कि महिलाओं द्वारा शिवाजी चौराहे पर स्थित संतोषी माता मंदिर से गणेश चौराहा तक फूल पाती का चल समारोह निकाला गया । जिसमें बालिकाओं को ईशर गणगौर स्वरूप में दूल्हा दुल्हन बनाया गया। चल समारोह में सभी महिलाए सोलह श्रृंगार कर नृत्य करती हुई ईसर गणगौर कि आराधना करती हुई शामिल रही। गणेश मंदिर पर महिलाओं द्वारा मारवाड़ी संस्कृति के अनुरूप गणगौर विवाह पर नाटिका कि प्रस्तुति दी एवं चल समारोह में उपस्थित सभी महिलाओं को स्वल्पाहार करवाया गया।

### युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**नलखेड़ा।** गुरुवार को लखुंदर नदी पर स्थित छोटी पुलिया के समीप लखुंदर नदी के किनारे एक युवक का शव मिला जिसकी शिनाख्त राजू पिता मोहनलाल सूर्यवंशी के रूप में हुई। मृतक युवक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला जिसमे अपनी मर्जी से आत्म हत्या करना लिखा हुआ था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार प्रातः सूचना प्राप्त हुई कि लखुंदर नदी के किनारे किसी का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया। कुछ समय पश्चयात इसकी शिनाख्त राजू उर्फ राजकुमार पिता मोहनलाल सूर्यवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी पीपलखेड़ी के रूप में हुई। मृतक की जेब में रखी डायरी में एक सुसाइड नोट मिला जिसमे लिखा था कि मैं अपनी मर्जी से मर रहा हूँ इसमें घर वालो का कोई रोल नहीं है। अपनी मर्जी से मैं आत्महत्या कर रहा हूँ। मृतक शराब पीने का आदि था एवं पूर्व में भी ऐसा हुआ है कि एक दो दिन तक घर नहीं आता था। मृतक बुधवार सुबह घर से निकला था। उसके बाद वह नही आया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया।


### निकाली गई रथ यात्रा, अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए

# आदिनाथ जन्मोत्सव और दीक्षा कल्याणक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन समाज के प्राचीन पालीताणा तीर्थ के राजा आदिनाथ दादा के जन्मोत्सव एव दीक्षा कल्याणक दिवस पर जैन श्वेतांबर समाज जनों द्वारा परमात्मा के सामूहिक भक्ताभर अभिषेक , मंगल आरती,सामूहिक एकासने रखें गये। वही नगर में रथ यात्रा निकाली गई। मंदिरजी में सुंदर रांगोली बनाई गई। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज द्वारा बुधवार अष्टमी के दिन प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव और दीक्षा कल्याणक धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। श्री चंदा प्रभु जैन मंदिर जी में प्रातः 6:15 बजे आदिनाथ दादा के भक्ताभर अभिषेक व केसर पूजन लाभार्थी जितेंद्रकुमार प्रेमचंदजी सकलेचा परिवार के साथ समाजजनों द्वारा की गई। प्रातः 9 बजे श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी से परमात्मा आदिनाथ दादा की रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें कलात्मक रथ में परमात्मा के चित्र को विराजित किया गया था। लाभार्थी सकलेचा परिवार परमात्मा के समक्ष चंवर ढुला रहा था। स्थान स्थान पर समाजजनो द्वारा भगवान के समक्ष गहूली की गई। आदिनाथ दादा के जन्म महोत्सव और दीक्षा दिवस पर नलखेड़ा श्री संघ में दोपहर 12 बजे से जैन धर्मशाला में सामूहिक एकासने हुवे जिसमे 40 आरधको ने सामूहिक एकासने किए। श्री संघ द्वारा सभी आराधको की खूब खूब अनुमोदना की गई। शाम 7: 30 पर मंदिरजी में परमात्मा की आरती लाभार्थी जितेंद्रकुमार प्रेमचंद सकलेचा परिवार द्वारा की गई। आरती में बड़ी संख्या में समाज जनों ने भाग लिया। आदिनाथ दादा के जन्म कल्याणक व दीक्षा कल्याणक पर जैन मंदिरजी में नियति सकलेचा द्वारा सुंदर गहुली बनाई। जैन श्वेतांबर समाज की ने स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया था।





## बिजनेस साइट

### एक डायवर्सिफाइड ऑल-कैप एफओएफ के साथ मार्केट साइकिल में हिस्सा लेने का अनुभव जरूर लें



रज़ी जाफ़री
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, इंदौर

**इंदौर।** ज्यादातर निवेशक बाजार गिरने से पैसा नहीं गंवाते। वे इसलिए पैसा गंवाते हैं क्योंकि वे भावनात्मक तौर पर प्रतिक्रिया देते हैं। वे गिरावट के दौरान घबराहट में बिक्री, तेजी के बाद लार्ज कैप से मिड कैप में शिफ्ट होना, अपने शिखर के पास स्मॉल कैप का पीछा करना, और गिरावट के दौरान बाजार से पूरी तरह बाहर निकल जाना। असली चुनौती रिटर्न नहीं है, बल्कि एलोकेशन है।

मार्केट कैप की उलझन अक्सर प्रदर्शन का पीछा करने, बार-बार स्विच करने और पोर्टफोलियो के टुकड़ों में बंट जाने की ओर ले जाता है। यह तय करना कि लार्ज, मिड या स्मॉल कंपनियों में कितना निवेश करना है, लगातार अंदाजा लगाने जैसा हो सकता है। इसमें बदलते बाजार के हालात और मूल्यांकन में उतार-चढ़ाव को जोड़ दें तो एलोकेशन को लगातार मैनेज करना और भी मुश्किल हो जाता है।

एक ऑल कैप एक्टिव फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) एक आसान तरीका देता है। यह अंदाजा लगाने की कोशिश करने के बजाय कि कौन सा सेगमेंट आगे बेहतर प्रदर्शन करेगा, यह एक ही स्ट्रक्चर के अंदर लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप में तुरंत डायवर्सिफिकेशन देता है। यह कंसंट्रेशन जोखिम को कम करता है और लीडरशिप के सेगमेंट के बीच रोटेट होने पर उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद करता है। लार्ज-कैप की संबंधित स्थिरता को मिड और स्मॉल बिजनेस की ग्रोथ संभावनाओं के साथ मिलाकर, पोर्टफोलियो पूरे इक्विटी अवसरों के एक पूरे दौर में हिस्सा लेता है।

जो बात इसे अलग बनाती है, वह है डीआईवाई टाइमिंग के बजाय मैनेज्ड एलोकेशन। एक फ्रेमवर्क-आधारित प्रोसेस, एक्सपोजर को एडजस्ट करने से पहले वैल्यूएशन, आमदनी रूझान और बड़े आर्थिक संकेतों का रिव्यू करता है। आबंटन भावनात्मक होने के बजाय सिस्टमैटिक हो जाता है। ऑटोमैटिक रीबैलेंसिंग यह पक्का करती है कि पोर्टफोलियो बदलते मार्केट माहौल के हिसाब से ढल जाए और तेजी का दौर, गिरावट और कंसोलिडेशन अवधियों में तालमेल में रहे, जिससे उतार-चढ़ाव से संचालित पोर्टफोलियो बदलाव कम होते हैं।

एक और ताकत निवेश के अंदाज तक पहुंच में है, चाहे वह ग्रोथ हो, वैल्यू हो या कॉन्ट्रेरियन, जो एक ही रैपर में मिले हों। यह एफओएफ की अलग अलग तहों में बने डाइवर्सिफिकेशन मार्केट साइकिल के अलग-अलग फेज में सहभागिता का मौका देता है और लंबे होल्डिंग पीरियड्स को बढ़ावा देता है। यह एक बड़ी कोर-एंड-सैटेलाइट रणनीति के अंदर एक कोर होल्डिंग के तौर पर भी काम कर सकता है। ऑपरेशनली, यह निवेश को आसान बनाता है। कंसोलिडेटेड रिपोर्टिंग, कम ट्रांजैक्शन और आसान लक्ष्यों को मापने के साथ, निवेशकों को डायवर्सिफाइड एक्सपर्टीज तक एक ही माध्यम से पहुंच मिलती है।

इस तरीके का एक उदाहरण हाल ही में लॉन्च हुआ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ है। यह फंड अलग-अलग मार्केट कैपिटलाइजेशन के सक्रिय तौर पर मैनेज किए जाने वाले इक्विटी फंड में एक्सपोजर देता है और मार्केट की स्थितियों के बदलने पर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क को पालन करता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

**खबर संक्षेप**

## विधायक शर्मा ने किए श्रद्धासुमन अर्पित



**कांटाफोड़।** विगत दिवस लोहारदा निवासी सरस्वती देवी जोशी का निधन हो गया था, उनके निधन पर परिवारजनों के बीच पहुंच कर कन्नौद खातेगांव के विधायक आशीष शर्मा ने सांत्वना व्यक्त कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।विधायक शर्मा ने सरस्वती देवी को याद करते हुए बताया कि वे बहुत ममतामयी एवं सरल स्वभाव की होकर स्नेहपूर्ण व्यवहार की धनी थी।विधायक शर्मा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कोठारी कन्नौद, विष्णु कचौले, राजस्व विभाग के ओमप्रकाश पटाक ने भी श्रद्धांजलि व्यक्त की।वयोवृद्ध माताजी श्रीमती सरस्वती देवी जोशी डॉ राजेंद्र देवेंद्र जोशी की काकी, डॉ सुरेंद्र महेंद्र जोशी की माताजी एवं पूर्णेन्द्र गजेंद्र जोशी कर्मचारी नेता आनंद कुमार जोशी (सुंद्रेल) पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक सागर जोशी की दादी थी।अनेकों गणमान्य नागरिकों एवं रिश्तेदारों द्वारा प्रतिदिन श्रद्धांजलि व्यक्त की जा रही हे।

## राज्य कर्मचारी संघ आज देगा मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन

**देवास।** राज्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर संघ की जिला इकाई द्वारा 13 मार्च शुक्रवार को सभी जिला इकाइयां कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित मुद्दे पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिपेक्ष्य में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने संबंधी मांग की जाएगी। राज्य कर्मचारी संघ जिला देवास अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी ने बताया कि इस तारतम्य में राज्य कर्मचारी संघ जिला देवास जिलाधीश देवास को एक ज्ञापन 13 मार्च 2026 शुक्रवार को दोपहर 1.30 पर दिया जाएगा। जोशी ने अपील की है कि संघ के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित जिले के समस्त शिक्षकगण अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर ज्ञापन कार्यक्रम को सफ़ल बनाए।

## मार्च-अप्रैल और मई-जून का एकमुश्त राशन सामग्री का वितरण होगा



**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में मार्च-अप्रैल एवं मई-जून माह में 02-02 माह की राशन सामग्री अग्रिम आवंटन एवं वितरण की जायेगी। उन्होंने बताया कि माह मार्च एवं अप्रैल का एकमुश्त राशन 15 अप्रैल 2026 तक वितरण जायेगा तथा माह मई एवं जून 2026 का एकमुश्त राशन का वितरण 01 मई से 31 मई 2026 तक किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार ने जिले में समस्त पात्र परिवारों से अपील की है कि माह मार्च एवं अप्रैल माह का एकमुश्त राशन 15 अप्रैल 2026 तक तथा माह मई एवं जून माह का एकमुश्त राशन 01 मई से 31 मई 2026 तक संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान पर उपस्थित होकर प्राप्त करें तथा राशन प्राप्ति की पीओएस मशीन की माहवार पावती भी प्राप्त करें।

### महापौर ने समीक्षा बैठक में मानसून से पहले कार्य जल्द पूरे करने दिए निर्देश

# पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत कार्यों में हो रही देरी पर संबंधित फर्म को दी चेतावनी

समय में कार्य पूरा नहीं हुआ तो फर्म पर लगाया जाएगा जुर्माना और की जाएगी ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




एमजी रोड पुनर्घनत्वीकरण, जलप्रदाय और स्वच्छता से जुड़े कार्यों की समीक्षा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने मंगलवार को निगम बैठक हॉल में अधिकारियों के साथ की। बैठक में आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए एमजी रोड के कार्यों को शीघ्र पूरा करने की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि बारिश के दौरान व्यापारियों, रहवासियों और राहगीरों को जलभराव या कीचड़ जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। समीक्षा के दौरान महापौर ने आयुक्त दलीप कुमार और विभागीय अधिकारियों से एमजी रोड चौड़ीकरण के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। धीमी गति से हो रहे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने नाला निर्माण, सीवरेज लाइन और अन्य आवश्यक लाइनों का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही एमपीईबी से समन्वय कर विद्युत केबल लाइन भी चल रहे कार्यों के साथ ही अगले 10 दिनों में डलवाने के लिए प्रभारी कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया। महापौर ने सीवरेज लाइन के सर्वे और शेष कार्यों की जानकारी ली कहा कि सर्वे का बचा हुआ काम जल्द पूरा किया जाए, ताकि अन्य कार्यों में बाधा न आए। इसके अलावा गेल गैस कंपनी से समन्वय कर गैस लाइन व हाउस कनेक्शन, जलप्रदाय लाइन और अंडरग्राउंड बिजली लाइन एक साथ डलवाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एमजी रोड पर प्रतिदिन पानी का छिड़काव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने को भी कहा।

### स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने पर जोर

स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए महापौर ने शहर में दिन और रात दोनों समय सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। नालों और नालियों की नियमित सफाई तथा गार्डनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही कचरा संग्रहण वाहन प्रतिदिन वार्डों में समय पर पहुंचें, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### कार्य में लापरवाही पर फर्म को चेतावनी

पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत आईएसबीटी और भगवती द्वार सराय के पुनरुत्थान तथा तीनों जोन निर्माण के कार्यों में हो रही देरी पर महापौर ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित फर्म समंदढिया के प्रतिनिधि को सख्त चेतावनी देते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया कि यदि तय समय में कार्य पूरा नहीं हुआ तो कंपनी पर जुर्माना लगाया जाएगा और उसे ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, प्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, दिनेश चौहान, उपयंत्री राजेश कौशल, चंदन सोनी, श्यामसुंदर रघुवंशी सहित समस्त वार्ड उपयंत्री और समंदढिया फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन थाना अंतर्गत दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी

**पौने दो किलो चांदी ले उड़े बदमाश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


शहर में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर चांदी के आभूषणों से भरा बैग पार कर दिया और कुछ ही मिनटों में फरार हो गए।

मिली जानकारी अनुसार इंदौर निवासी नामित कश्यप नामक व्यापारी किसी काम से देवास आए थे। उन्होंने अपनी कार एबी रोड स्थित आनंद ज्वेलर्स के सामने खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने मौके का फायदा उठाते हुए कार का शीशा तोड़ दिया और अंदर रखा चांदी के आभूषणों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।बताया जा रहा है कि बैग में करीब पौने दो किलो से अधिक चांदी के आभूषण रखे हुए थे।

पूरी वारदात कुछ ही मिनटों में अंजाम दे दी गई। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद होने की बात सामने आ रही है।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# गैस एजेंसियों पर लगी कतारें, एलपीजी गैस की बढ़ी मांग में उछाल, उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच देवास में भी एलपीजी गैस की मांग अचानक बढ़ गई है। गुरुवार को शहर की गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई।

घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों की मांग में उछाल आने से कई जगहों पर वेटिंग भी बढ़ गई है। शहर के होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों ने बताया कि उनके पास केवल 3 से 4 दिन का गैस स्टॉक ही बचा है। व्यवसायियों का कहना है कि यदि समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिली, तो आने वाले दिनों में उनके प्रतिष्ठानों का संचालन प्रभावित हो सकता है।कई व्यवसायियों ने यह आशंका भी जताई है कि गैस नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें अपने प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद करने पड़ सकते हैं।

बाजार में गैस सिलेंडरों की अचानक बढ़ी मांग के कारण अब कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वेटिंग बढने से ब्लैक में गैस बिकने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गैस एजेंसी कारोबारी प्रशांत विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस को लेकर फिलहाल किसी प्रकार का कोई संकट नहीं है। उन्होंने बताया कि बुकिंग के आधार पर सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है।

## सफाई कर्मियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**देवास।** नारी लीड्स स्वच्छता, स्वच्छता में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने हेतु नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार मंगलवार 12 मार्च को वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 34, 35, 36 के महिला सफाई कर्मियों का संत रविदास नगर एवं नाहर दरवाजा स्थित संजीवनी क्लीनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान महिला सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी बुनियादी जांच की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सभी कर्मचारियों को पीपीई किट हनने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही स्वास्थ्य परामर्श और स्वच्छता से संबंधित सावधानियों की जानकारी भी दी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 की तैयारियों के संबंध में कार्यशाला हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी 19 मार्च से प्रदेश सहित जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायतों की समीक्षा सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुदूर संपर्कता अभियान, जल गंगा अभियान और जल संचय अभियान की कार्ययोजना तथा तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यशाला में जनपद पंचायत सीईओ हेमलता शर्मा ने बताया गया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संचय अभियान 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। कहा कि इस दौरान ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक रूफ़ टॉप हार्वेस्टिंग और अन्य जल संरक्षण की संरचनाएं बनाई जाएं। कार्य को प्राथमिकता से करें। इस दौरान जनपद के अन्य अधिकारियों के साथ पंचायतो से सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# जनगणना कार्य के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन और पर्यवेक्षण के लिए शहरी क्षेत्र के लिए नियुक्त चार्ज अधिकारियों और सहयोगियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण गुरूवार को के.पी. कॉलेज देवास में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जनगणना कार्य संभाग प्रभारी राजेश मोर्य, जनगणना कार्य जिला प्रभारी सोनिका गर्ग द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 01 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। जनगणना के जिला प्रभारी सोनिका गर्ग ने एमएमएस पोर्टल पर हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका/नगर निर्देशिका अनुसूची एवं प्रकिया प्रवाह का भी हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण दिया और प्रगणकों एवं सुपरवाईजर की सूची को एक्सेल में अपलोड कर, नियुक्ति आदेश जारी करने के बारे में भी बताया।

# ननि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गुरुवार को प्रदेश की नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी एवं स्थायी कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों की बैठक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े सहित अन्य अपर आयुक्तों एवं सहायक संचालकों की उपस्थिति में सम्पन हुई।बैठक में कर्मचारियों की कई महत्वपूर्ण मांगों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिस पर सकारात्मक सहमति बनी। प्रमुख मांगों में 1 सितंबर 2016 तक के समस्त वर्गों के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विनियमीकरण, विनियमित कर्मियों को नियमित करना, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से घोषित कटौती , यांत्रिकी प्रकोष्ठ के रूप मे अघोषित कटौती बंद करने , तेहबाजारी पुनः प्रारंभ करना तथा चुंगी क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करना शामिल है।इसके अलावा आउटसोर्स प्रथा समाप्त करने, समय पर वेतन , निकायों के सेटअप में तृतीय श्रेणी / चतुर्थ श्रेणी के अत्यावश्यक पदों को शामिल करने, फायर ब्रिगेड में कार्यरत फायरमैन को नियमित करने तथा मुद्रांक शुल्क की राशि पूर्व की भांति 3 प्रतिशत देने जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।बैठक में संगठन के प्रमुख पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी, हरेंद्र सिंह ठाकुर, कपिल दुबे, योगेश सिंह, गणेश प्रसाद बिजपुरिया, सुनील राजपूत, प्रशांत घोंगे राजेश बागदरे, अभिषेक तिवारी, गोपाल सिंह, प्रियंका पांडे, कैलाश भवनकर, शक्ति तिवारी, जसवंत कुशवाहा, मुकेश सिलावट, प्रकाश राठौड़, राजेश सिंह सहित प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों के पदाधिकारी एवं इकाई अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया तथा आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही गई।

### वर्ष 2026-27 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित

# नागरिकगण गाइड लाइन के संबंध में दें सकते हैं सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर गाइडलाइन वर्ष 2026-27 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त नगर निगम दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, जिला मूल्यांकन समिति के सदस्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 2026-27 के लिए कलेक्टर गाइडलाइन पर चर्चा की गई। जिले की 05 उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों में औसत 14 प्रतिशत गाईडलाईन बढाने का प्रस्ताव दिया गया। जिले में गाइडलाइन की 2712 लोकेशन में से 1995 लोकेशन पर दरों में वृद्धि करने का प्रस्ताव दिया गया। यह वृद्धि उन स्थानों पर की जा रही है, जहां गाइडलाइन दर से अधिक दर पर रजिसट्रियां हो रही हैं और जहां नई विकास परियोजनाऐं बन रही है। इस वर्ष गाइडलाइन में 28 नई लोकेशन भी जोडी जाएगी। बैठक में बताया गया कि प्रस्तावित गाइड लाइन नागरिक के लिए अवलोकन वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय देवास एवं जिले के समस्त उप पंजीयक कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी। नागरिकगण दरों के संबंध में सुझाव 19 मार्च तक वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय देवास एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय में दे सकतें हैं। सुझावों के बाद गाइड लाइन प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड भोपाल को प्रेषित किए जाएंगे।

# कांटाफोड़ा माहेश्वरी महिला मंडल की नवनिर्वाचित टीम ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



कांटाफोड़ माहेश्वरी महिला मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण समारोह निवृत्तमान अध्यक्ष शकुंतला नागोरी एवं सचिव जयश्री सिंगी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य प्रदेश की सदस्य मंगला सिंगी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा महिला मंडल की गतिविधियों को समाज हित में सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में प्रमिला गट्टानी को अध्यक्ष, शिल्पा होलानी को सचिव, शशि सिंगी को उपाध्यक्ष, नीता बियानी को कोषाध्यक्ष, सिया सिंगी को सह-सचिव, शिवानी पसारी को संगठन मंत्री तथा श्वेता होलानी को प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व सौंपा गया।इसी प्रकार निधि होलानी एवं नेहा गोरानी को सांस्कृतिक मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सविता सिंगी, प्रेमलता सिंगी, पायल सिंगी, कंचन शारदा, आरती सिंगी, राधिका सिंगी, ज्योति तोतला, दीप्ति सिंगी एवं पायल शुभम सिंगी को शामिल किया गया।कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल की सदस्याओं ने नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाज सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**ललितपुर।** कोतवाली ललितपुर पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार ने एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना 2 मार्च 2026 को शाम 6.30 बजे मसौरा बैरियर से आगे ललितपुर की ओर हुई। शिकायतकर्ता ग्राम जिजयावन निवासी गौरव सेन पुत्र दामोदर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने पिता दामोदर और मामा अभिषेक पुत्र लालाराम निवासी ग्राम बछरावनी थाना बार के साथ ग्राम जिजयावन से मुहल्ला शान्तिनगर मकान पर पैदल आ रहे थे। उसी समय पीछे से समरेश पुत्र मेहरवान कुर्मी निवासी ग्राम मिर्चवारा थाना कोतवाली ललितपुर मोटर साईकिल के काफी तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाता हुआ आया और शिकायतकर्ता के पिता दामोदर को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में उसके पिता दामोदर के दाहिने पैर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए पीताम्बरा हस्पिटल झींसी रोड ललितपुर ले जाया गया, जहां उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के कारण ऑपरेशन किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से महिला घायल

**ललितपुर।** जिले में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता पत्नी निवासी क्षेत्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 18 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे वह एनएच-44 के पास मौजूद थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन यू.पी.94 आर 4446 के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिसके बाद 11 मार्च 2026 को थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण व नकलविहीन संपन्न

**ललितपुर।** जिले में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न हुईं। जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में कुल 31 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। हाईस्कूल परीक्षा में कुल 337 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 330 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट की कम्प्यूटर विषय की परीक्षा में 192 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 181 उपस्थित और 11 अनुपस्थित रहे। वहीं समग्र रिपोर्ट के अनुसार कुल 298 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 277 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जनपद में 159 कक्ष निरीक्षक, 33 लिपिक और 76 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात किए गए थे। प्रशासन द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया है कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर शासन के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षा कराई गई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

### चना के 16 व सरसों के 20 तक होंगे पंजीयन

**विदिशा।** बी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया चना पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च जबकि सरसों के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च तय की गई है।

## पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल को ब्रीफ किया गया

# संवेदनशीलता को देखते हुए उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूरी तरह सतर्कता बरतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विस्तृत ब्रीफिंग दी गई।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरी सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने को कहा। ब्रीफिंग के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित समय से पहले अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर ड्यूटी ग्रहण करें तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखें। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगने देने, अभ्यर्थियों के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें।



## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग मासिक गोष्ठी हुई, बाल सुरक्षा व पॉक्सो मामलों पर चर्चा की गई

पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गुरुवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना (एएचटी) और एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) कालू सिंह के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। बैठक में थाना एएचटी, एसजेपीयू तथा जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के साथ मार्च माह की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान प्रक्रिया तथा थानों में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। गोष्ठी में बाल गुमशुदगी, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एससी-एसटी एक्ट तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही नारी शक्ति, किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीन संशोधन तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं पर भी प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों की सूचना 24 घंटे के भीतर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को दी जाए तथा फार्म ए, बी और एसबीआर रिपोर्ट समय से प्रेषित की जाए। इसके अलावा पॉक्सो मामलों में आरोपियों को उच्च न्यायालय से मिलने वाली जमानत की सूचना वादी या पीड़िता तथा बाल कल्याण समिति को समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनपद में पंजीकृत और लंबित गुमशुदा बच्चों के मामलों तथा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज अभियोगों की समीक्षा भी की गई। साथ ही जेजे एक्ट से संबंधित आदेशों और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सीडब्ल्यूसी, श्रम विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, चाइल्ड लाइन, प्रधान किशोर न्याय बोर्ड, जन साहस, वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य विभागों के अधिकारी और जनपद के सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## दवा कारोबार पर कड़ी नजर

# थोक दवा विक्रेताओं का भौतिक सत्यापन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

**उत्तर प्रदेश औषधि प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में जिले में दवा कारोबार की निगरानी को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने जिले के कई थोक दवा विक्रेताओं का भौतिक सत्यापन किया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश औषधि प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में संचालित दवा थोक विक्रेताओं के लाइसेंस, भंडारण व्यवस्था, रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक मानकों की जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत औषधि निरीक्षक ने विभिन्न दवा प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दस्तावेजों का मिलान किया और दवा भंडारण की स्थिति का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवा विक्रेताओं को औषधि अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक विनय मिश्रा ने बताया कि शासन और औषधि प्रशासन के निर्देशों के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि आम जनता को सुरक्षित और मानक गुणवत्ता की दवाएं उपलब्ध हो सकें। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक हुई

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जाए



**ललितपुर ।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार श्री अशोक कुमार सिंह जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च के आयोजन के संबंध में जनपद के समस्त नोडल अधिकारी के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया

बैठक में देवप्रिय सारस्वत, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ज्ञानेन्द्र विक्रम अपर उप जिलाधिकारी न्यायिक ललितपुर, रंजीत कुमार प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, शमनीष कुमार उप जिलाधिकारी सदर, श्री सुनील भारद्वाज सी.ओ. लाइन, तनवीर हसन तहसीलदार एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी, जिला चकबन्दी अधिकारी ललितपुर, जेई जल संस्थान, नगर पालिका, जिला चकबन्दी अधिकारी अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड शहरी, श्रम प्रर्वतन अधिकारी, सहायक आयुक्त स्टाम्प, जल संस्थान के अधिकारीगण, प्रतिनिधि, एवं जनपद ललितपुर की अन्य तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा की गई आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को नियत करें एवं अधिक से अधिक नोटिस की तामीली करावें तथा हर संभव प्रयास करें जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## 12 से 28 मार्च तक मिलेगा राशन

# पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारी को खाद्यान्न वितरण होगा

### गेहूं और चावल निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत माह मार्च 2026 के लिए जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को 12 मार्च से 28 मार्च 2026 तक उचित दर दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

जारी सूचना के मुताबिक अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं अंत्योदय कार्डधारकों को जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 की चीनी भी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से वितरित की जाएगी। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम चावल (कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न) दिया जाएगा। इसके अलावा ब्लॉक व तहसील मड़ावरा के चयनित क्षेत्रों में पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं, 2 किलोग्राम चावल और 1 किलोग्राम मक्का निःशुल्क वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र लाभार्थियों से अपील की है कि वह 12 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच अपनी उचित दर की दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण कराकर राशन प्राप्त करें। जिन उपभोक्ताओं का आधार प्रमाणीकरण संभव नहीं हो पाएगा, उन्हें मोबाइल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से भी खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 28 मार्च 2026 को वितरण की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है, इसलिए सभी कार्डधारक समय रहते अपना राशन प्राप्त कर लें।

## मानवता का परिचय दिया

# डीएम व एसपी ने घायल को अस्पताल पहुंचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मानवता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सड़क हादसे में घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का प्रयास किया। गुरुवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक अपने एस्कॉर्ट दल के साथ सरकारी कार्य से जा रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-44 पर बृजवासी लॉज के सामने एक युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल होकर सड़क किनारे पड़ा दिखाई दिया। घटना को देखते ही अधिकारियों ने तुरंत अपना वाहन रुकवाया और घायल युवक को उठाकर अपने एस्कॉर्ट वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर भिजवाया। अधिकारियों की तत्परता से घायल को समय रहते इलाज मिल सका। मौके पर मौजूद लोगों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की इस मानवीय पहल की सराहना की।

## कवियों ने समां बांधा

# अहंकार मानव के पतन का कारण: स्वामी बालभरत





हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री सिद्धपीठ श्री तुवन सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर प्रवचन करते हुए स्वामी बालभरत महाराज ने कहा कि अहंकार मानव के पतन का प्रमुख कारण है। अहंकार व्यक्ति के जीवन से सकारात्मक गुणों का नाश कर देता है, इसलिए मनुष्य को सदैव विनम्रता और संयम के साथ जीवन व्यतीत करना चाहिए। स्वामी ने कहा कि पुराणों में वर्णित हिरण्यकश्यप, रावण, कंस और दुर्योधन जैसे पात्र अहंकार से ग्रसित थे। उन्होंने अपने अहंकार में ऐसे वरदान मांगे और ऐसे कर्म किए जिनके कारण अंततः उनका विनाश हो गया। शास्त्रों में भी कहा गया है कि यदि ईश्वर किसी व्यक्ति को किसी भी क्षेत्र में प्रभुता या सफलता प्रदान करें तो उसे अहंकार से दूर रहना चाहिए। यदि जीवन में अभिमान पर नियंत्रण रखा जाए और आचरण शास्त्र सम्मत हो, तो मनुष्य का जीवन सफल और धन्य हो जाता है। कथा के दौरान स्वामी जी ने श्रीमद्भागवत महापुराण का उल्लेख करते हुए बताया कि इसमें 28 प्रकार के नरकों का वर्णन किया गया है और पाप कर्मों का फल अंततः नरक ही होता है। इसलिए मनुष्य को हर कार्य सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण पूर्ण अवतार हैं। भगवान श्रीराम ने अपने जीवन के माध्यम से आदर्श और मर्यादित जीवन जीने का मार्ग दिखाया। उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया और आसुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त कर आदर्श रामराज्य की स्थापना की। कथा के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है, जबकि रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के क्रम मे कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिनमें कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। सम्पूर्ण आयोजन महंत रामलखन दास जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। यह आयोजन स्वर्गीय पवन जैन नौहर कलां की पुण्य स्मृति में नौहर कलां परिवार द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

# महिला के खेत में पानी की बोल तोड़ने पर 3 लोगों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली ललितपुर पुलिस स्टेशन में एक मामला दर्ज किया गया है जिसमें तीन लोगों ने एक महिला के खेत में पानी की बोल तोडन्ने पर मारपीट की। यह घटना 10 मार्च को रात 8.30 बजे पेश दरवाजा वादिया ग्राम, जामुनधाना खुर्द में हुई। शिकायतकर्ता ग्राम जामुनधाना खुर्द निवासी विनीता पत्नी भान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके खेत में पानी की बोल मोहन पुत्र परशु, कपिल पुत्र मोहन और मानकुंवर पत्नी मोहन डाले हुए थे। शिकायतकर्ता के खेत से और भी गांव वालों के ट्रैक्टरों का आना जाना था। उक्त लोगों की बोले टूट गई 10 मार्च 2026 रात्रि 08.30 बजे उक्त लोग शिकायतकर्ता के घर शराब पीकर लाठी डंडा लेकर आये और कहने लगे कि तुम लोगो ने हमारे पानी के पाइप क्षतिग्रस्त करें। शिकायतकर्ता के परिवार ने कहा कि हम लोगो ने तुम्हारे पाइप क्षतिग्रस्त नहीं किये। इतना सुनते ही उक्त तीनों शिकायतकर्ता और परिवार को वहन की गंदी गंदी गालिया देने लगे मना करने पर मारपीट करने लगे। शिकायतकर्ता के देवर सोबत सिंह पुत्र करन सिंह को लाठी डंडे से मारा और जिससे हाथ की उंगली क्षतिग्रस्त हो गई और मुंह भी मारा जिससे मुंह से खून भी गिरा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज झांसी व ललितपुर के दौरे पर

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार, 13 मार्च को बुंदेलखंड के झांसी और ललितपुर जिलों के महत्वपूर्ण प्रवास पर रहेंगे। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, उप मुख्यमंत्री सुबह भोपाल से प्रस्थान कर ट्रेन द्वारा सुबह 08.39 बजे झांसी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। झांसी आगमन को लेकर बताया गया है कि सुबह 08.50 बजे झांसी सर्किट हाउस पहुंचने के बाद, वह सुबह 10 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड से ललितपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद ललितपुर के कारीटोरन में सुबह 10.35 बजे वह श्री दिगम्बर जैन पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे ललितपुर के गिन्नाट बाग में आयोजित मण्डलीय सरस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। सरस महोत्सव के बाद उप मुख्यमंत्री विभिन्न सरकारी परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। दोपहर 01.25 बजे वह होटल अमर पैलेस में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 में हिस्सा लेंगे। दोपहर 02.30 बजे निरीक्षण भवन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार उप मुख्यमंत्री जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा से सुरक्षित हैं, जिसके चलते प्रशासन ने उनके रूट और कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वह शाम 03.10 बजे ललितपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## नवीन जिनालय में भगवान शान्तिनाथ का महामस्तिकाभिषेक किया

# संसार में धन वैभव के साथ धर्म बुरा नहीं: मुनि सुधासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





नेशनल हाईवे स्थित रोडा नवीन जिनालय में श्री 1008 शान्तिनाथ का महामस्तिकाभिषेक तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज के संघ सानिध्य में प्रभावना पूर्वक हुआ इसके पूर्व पुर्याजक परिवारों ने नवीन जिनालय पर कलशारोहण ध्वजारोहण का पुण्यार्जन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभु अभिषेक के उपरान्त मुनि श्री सुधासागर महाराज द्वारा शान्तिधारा से हुआ जिसका पुण्यार्जन संजीव बजाज परिवार द्वारा किया गया। इस मौके पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री सुधासागर महाराज ने कहा संसार में कर्मों की विचित्रता है न तो संसार बुरा है और न ही धन वैभव वशर्ते धर्म साथ हो। संसार के साथ यदि धर्म चलता है तो जीवन का कल्याण तो होता ही है साथ ही विनाश नहीं होता। धर्म कर्मों को नहीं रोक सकता वह धर्मात्मा को बचता है। नगर की सीमाओं के विस्तार पर मुनि श्री ने कहा जहां सीमाए बढ़ रही हैं उसी अनुपात में मंदिर भी बडे इससे श्रावकों का जहां पुन्य जागृत रहेगा वही लोगों को धर्म से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी। मंदिर पर कलशारोहण की महिमा बताते हुए मुनि श्री ने कहा शिखर पर जिसतरह कलशा चमकता हे बैसे ही पुर्याजक का यश। इसके पूर्व में प्रतिष्ठाचार्य बालब्रहमचारी प्रदीप भैया सुयश ने विधिविधान पूर्वक मांगलिक कियाए सम्पन्न कराई जिसमें विनोद कुमार ब्रहमचारिणी मंजू दीदी, शिखरचंद किसलवास, आनंदजैन देलवारा परिवार ने मंदिर शिखर पर कलशारोहरण, अनिल जैन अंचल, भगवानदास कॅलगुवा, निर्मलचंद कुम्हेडी परिवार द्वारा ध्वजारोहण का पुण्यार्जन किया। भामण्डल कोमलचंद रोडा, डा० राजेन्द्र रोडा, संजीव राजीव चौधरी परिवार एवं छत्र प्रदीप जैन, प्रसन्न कुमार किसलवास परिवार ने किया।

प्रातःकाल श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज ग्राम गैचवारा से पदविहार करते हुए अपने संघ सहित नवीन जिनालय रोडा पहुंचे जहां प्रमुख रूप से संजीव जैन राजीव जैन गौरव जैन बजाज विजय जैन कल्लू के अतिरिक्त जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ अक्षय टडया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत खजुरिया, संजीव जैन लकी, प्रफुल्ल जैन, अक्षय अलया मनोज जैन बबीना, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, राजेन्द्र जैन धनवारा, शिक्षक पुष्येन्द्र जैन, श्रीश सिंघई, आदेश जैन रोडा, पंकजजैन सिमरा, सलीन्द जैन, प्रमेन्द जैन के अतिरिक्त महिला मण्डल की प्रमुख अनीता मोदी, पलक जैन, स्नेहलता जैन, जयंती जैन, प्रभा जैन आदि ने मुनि श्री की ससंघ पादप्रक्षालन कर अनुवाई की। मुनि श्री के पदविहार में सैकडों की संख्या में श्रद्धालुजन जयजयकारों के साथ भक्तिपूर्वक चल रहे थे।

### 3 घंटे की सर्जरी से जगी नई जिंदगी की उम्मीद

**एम्स भोपाल में इलिजारोव तकनीक से जोड़ी गई बाएं पैर की हड्डी**

# एक साल की उम्र में टूटा पैर, 4 साल तक झेला दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़






बचपन के एक हादसे ने जिस जिंदगी को अपंगता की ओर धकेल दिया था, अब वही जिंदगी फिर से सामान्य होने की उम्मीद जगा रही है। इलिजारोव तकनीक की मदद से भोपाल एम्स के डॉक्टरों ने करीब 3 घंटे तक चली जटिल सर्जरी में बाएं पैर से हड्डी काटकर दाएं पैर में जोड़ दी। मरीज को स्वस्थ करने की प्रक्रिया का ऑपरेशन पांच चरणों में पूरा होगा और पूरी प्रक्रिया तीन साल में पूरी होगी।

जिले के भवानीपुरा थाना कालीपीठ के मरीज हरिओम तंवर 5 साल से अपने पैर को लेकर परेशान है। हरिओम का पैर महज एक साल की उम्र में बाइक से गिरने के कारण बुरी तरह टूट गया था। उस समय हुए उपचार के बाद पैर ठीक तरह से विकसित नहीं हो पाया और धीरे-धीरे दोनों पैरों की लंबाई में करीब 6 इंच का अंतर हो गया। चलते समय उसे भारी परेशानी होती थी और परिवार इलाज के लिए मुंबई सहित कई बड़े शहरों में भटका, लेकिन हर जगह निराशा ही हाथ लगी। इसी दौरान जिला प्रशासन के प्रयासों से हरिओम का मामला भोपाल एम्स तक पहुंचा। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा की पहल के बाद एम्स भोपाल के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक मेहरा और एम्स अधीक्षक डॉ. विकास गुप्ता के विशेष सहयोग से इलाज की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले चरण में डॉक्टरों ने इलिज़ारोव तकनीक का उपयोग करते हुए करीब तीन घंटे तक ऑपरेशन किया और दूसरे पैर से हड्डी का हिस्सा लेकर दाएं पैर में जोड़ दिया। डॉक्टरों के अनुसार आगे के चरणों में धीरे-धीरे हड्डी की लंबाई बढ़ाई जाएगी, ताकि दोनों पैरों की लंबाई बराबर हो सके और मासूम सामान्य रूप से चल सके।

## पूर्णतः निशुल्क होगा मासूम का इलाज

राजगढ़ कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयासों ने असंभव को संभव कर बताया है और भोपाल एम्स में 9 मार्च को पहला सफल ऑपरेशन हुआ। इस तरह के 5 चरण होंगे जिनमें 3 साल का समय लगेगा। इसमें एम्स के अधीक्षक डॉ विकास गुप्ता का विशेष सहयोग रहा एवं डॉ प्रतीक मेहरा अस्थि रोग विशेषज्ञ में सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस तकनीक को इलिजारोव तकनीक कहलाता है जो एक जटिल प्रक्रिया है। सिविल सर्जन रजनीश ने बताया कि कलेक्टर मिश्रा के प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है जहां पर पूरा इलाज निःशुल्क संभव हो पाया है।

### 5 चरणों में पूरा होगा इलाज

डॉक्टरों के अनुसार यह उपचार एक लंबी प्रक्रिया है। करीब तीन साल में पांच चरणों में ऑपरेशन किए जाएंगे। हर चरण में हड्डी की स्थिति और लंबाई को नियंत्रित तरीके से बढ़ाया जाएगा, जिससे अंत में दोनों पैरों की लंबाई लगभग समान हो सके।

### *क्या है इलिज़ारोव तकनीक*

*इलिजारोव तकनीक ऑर्थोपेडिक सर्जरी की आधुनिक पद्धति है, जिसमें विशेष रिंग और रॉड के जरिए हड्डी को धीरे-धीरे खींचकर उसकी लंबाई बढ़ाई जाती है। जटिल मामलों में यह तकनीक मरीज को सामान्य जीवन जीने का मौका देती है।*

## कृषि विभाग ने पुलिस व हार्वेस्टर संचालकों की बैठक ली



**सारंगपुर।** फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को सारंगपुर क्षेत्र में कृषि विभाग ने पुलिस अधिकारियों और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में नरवाई प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश राजपुत ने थाना सारंगपुर में बैठक ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को नरवाई न जलाने के प्रति जागरूक करना और हार्वेस्टर मशीनों में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग को अनिवार्य करना था।

बैठकों के दौरान पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में संचालित हार्वेस्टर मशीनों और उनके संचालकों के संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराए गए। यह कदम फसल कटाई के दौरान नियमों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**6 किसानों के खेतों में लगी आग दिन में बिजली बंद करने की मांग नहीं तो करेंगे चक्काजाम**

# उदनखेड़ी में शॉर्ट सर्किट से फिर जली 15 बीघा फसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम उदनखेड़ी में बुधवार को एक बार फिर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें करीब 15 बीघा से अधिक गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग से छह किसानों को भारी नुकसान हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह करीब 11 बजे खेतों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद चिंगारी गिरने से सूखी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से किसान दुर्गाप्रसाद बापूलाल, संजय एवं हरिओम पिता नारायण सिंह, हिम्मत सिंह पिता रामसिंह, बहादुर सिंह पिता रामसिंह और दिवान सिंह पिता चंदरसिंह के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी है और कटाई का दौर चल रहा है। खेतों में फसल सूख चुकी होने के कारण अब सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। इसके बावजूद दिन के समय बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे बिजली लाइनों में शॉर्ट सर्किट होकर बार-बार आग लग रही है। किसानों का कहना है कि जब फसलों को पानी की जरूरत थी तब रात में बिजली दी जाती थी, लेकिन अब जरूरत नहीं होने पर दिन में बिजली दी जा रही है, जिससे नुकसान हो रहा है। जनपद सदस्य शांतिलाल नागर ने किसानों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यदि बिजली आपूर्ति का समय नहीं बदला गया तो शुक्रवार से क्षेत्र के किसान चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

किसानों के अनुसार उदनखेड़ी क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। 7 मार्च को पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदलाल नागर और लक्ष्मीनारायण नागर के खेतों में करीब 30 बीघा फसल जल गई थी। 8 मार्च को दुलीचंद सेन पाटक्या के खेत में 3-4 बीघा फसल जली, जबकि 9 मार्च को भ्याना रोड पर किसान रामचंद्र सेन के खेत में भूसा और पराली आग की चपेट में आ गए थे। मामले में एसडीएम रोहित बम्होंरे ने कहा कि यदि पंचायतों के माध्यम से किसानों का आवेदन प्राप्त होता है तो बिजली आपूर्ति का समय बदलने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए जाएंगे। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

**साइड मांगने की बात पर रॉड से की गई थी हत्या**

# हत्या के आरोपी को वारदात के 24 घंटे में किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



दो दिन पूर्व खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत वाहन की साइड मांगने की बात पर पिकअप वाहन चालक ने रॉड से हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। खिलचीपुर पुलिस ने वारदात के 24 घंटे में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

9 मार्च को खुजनेर थाने के ग्राम सिरोजी निवासी भगवान सिंह राजूपत उम्र 60 वर्ष अपने दामाद मनोहर सिंह राजपूत को सांस की बीमारी के इलाज के लिए कार से झालावाड़ ले जा रहे थे। इस दौरान दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दोनों जैसे ही खिलचीपुर बस स्टैंड के सिटी पोर्सन पर पहुंचे तब वहां जाम के हालात बने हुए थे। ऐसे में ससुर (भगवान सिंह) ने दामाद को जल्द अस्पताल पहुंचाने जाम खुलवाने का प्रयास किया। इस दौरान एक पिकअप वाहन चालक से उनका विवाद हो गया।

पुलिस के अनुसार पिकअप चालक कैलाश तंवर निवासी ग्राम राजपुरा नशे की हालत में था और उसने बगैर कुछ सोचे समझे भगवान सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बावजूद भगवान सिंह दामाद को झालावाड़ लेकर पहुंचे जहां उनके सिर से निकले अत्यधिक खून के चलते बाद में उनकी मौत हो गई। खिलचीपुर पुलिस ने हत्या के आरोपी कैलाश तंवर को अंततः गिरफ्तार कर लिया है।

**आंदोलन की राह अपनाने की ओर अतिथि शिक्षक**

# पूर्व सीएम की घोषणा पूरा करने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजधानी भोपाल में अतिथि शिक्षकों की एक महापंचायत बुलवाई थी। इस महापंचायत में चौहान द्वारा घोषणा की गई थी कि सभी अतिथि शिक्षकों को नियमित कर दिया जाएगा। लेकिन, उक्त घोषणा पर वर्तमान सरकार ने अमल नहीं किया है।

इसी बात से आक्रोषित जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम बुधवार दोपहर एसडीएम निधि भारद्धाज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अतिथि शिक्षकों को नियमित करने की बात तो दूर बल्कि पूरे प्रदेश में करीब 10 हजार अतिथि शिक्षकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। अगर शासन ने अतिथियों को नियमित नहीं किया तो जल्द ही भोपाल में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी, संरक्षक रामचंद्र नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, हेमंत नागर, पंकज कुशवाह, बजरंग चौहान, सलीम अंसारी, प्रहलाद रुहेला, लक्ष्मण वर्मा, अनारसिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

**किसान कहीं और का जमीन कहीं और की**

# रबी फसल उपार्जन हेतु फर्जी किसान का किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरकार द्वारा रबी फसल के उपार्जन के लिए पंजीयन कराने किसानों को सूचित किया। पंजीयन के लिए प्राथमिक सेवा सहकारी संस्था एवं ऑनलाइन के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए रबी फसल का पंजीयन करवाना सुनिश्चित किया है। पंजीयन में संबंधित किसान की समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित कृषि भूमि की नकल अनिवार्य की गई है ताकि कोई फर्जी रूप से संबंधित किसान की कृषि भूमि पर बोई रबी फसल के लिए पंजीयन नहीं करा सके।

संबंधित कृषक ही रबी फसल के उपार्जन हेतु पंजीयन की पात्रता रखता है। लेकिन, राजगढ़ जिले में बड़े पैमाने पर फर्जी किसानों का पंजीयन होने की बात जनचर्चा में है। इतना ही नहीं मंदिर की कृषि भूमि जिसके व्यवस्थापक कलेक्टर हैं और संबंधित मंदिर के पुजारी साधु संत उक्त जमीन की फसल या फसल के लिए पंजीयन करा सकता है, किंतु उसमें भी माफियाओं ने अपना कब्जा कर लिया। हाल ही में हमारे संवाददाता को ऐसा ही मामला संज्ञान ने आया। सारंगपुर तहसील के ग्राम बालोड़ी ख्बिलोड़ी मठ श्रीराम मंदिर बालोडी मठ नरसिंह मंदिर के नाम से कुल किता 9 एवं 8,543 हेक्टर कृषि भूमि जो कि व्यवस्थापक कलेक्टर राजगढ़ के नाम अंकित होकर महंत सुखराम दास त्यागी महाराज के अधिपक्त में है। उक्त जमीन की आमदनी मंदिर की पूजा एवं संत सेवा में काम आ रही है। उसी भूमि का फर्जी तरीके से प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कोठारी कला तहसील नरसिंहगढ़ में फर्जी किसान एवं सोसायटी की मिली भगत से रबी फसल के लिए पंजीयन कर दिया गया। इसकी जानकारी संबंधित मंहत को लगी तो उनके द्वार उक्त मामला संवाददाता को बताया उनके द्वारा संबंधित पटवारी राधेश्याम भिलाला एवं तहसीलदार आकाश शर्मा को जानकारी दी तथा पंजीकृत संस्था कोठारी कला के प्रबंधक से संपर्क किया तो उनका कहना था कि पोर्टल की गड़बड़ी है। वहीं दूसरी और तहसीलदार द्वारा उक्त मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जिला स्तर पर सूचना दी।

### *इनका कहना है...*

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद डीएसओ को पत्र लिखा है। जल्द ही निरस्त कराया जाएगा।*

*आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर*

# शीतला माता को लगाया ठंडे बासी भोजन का भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



भारतीय संस्कृति सनातन से चली आ रही परंपराओं और हिंदू धर्म के त्योहारों का जहां अपना अलग महत्व है। वहीं इन परंपराओं का बखूबी निर्वहन हिंदू समाज द्वारा किया जाता है। उसी कड़ी में शीतला सप्तमी पर शीतला माता को ठंडा एवं बासी भोजन का भोग लगाकर पूजा अर्चना का एक विशेष महत्व है। नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता का एक मात्र मंदिर है जहां पर सभी समाज की महिलाओं द्वारा श्रद्धा और आस्था के साथ माता रानी को ठंडे बासी भोजन का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार होली के दूसरे दिन से महिलाएं प्रतिदिन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं जल चढ़ाने माताजी ठंडी करती है। सप्तमी के पूर्व की रात्रि में महिलाएं स्नान करने के उपरांत चौक चुला रसोईघर को शुद्ध करके शीतला माता को लगने वाला भोग भोजन तैयार करती है तथा रात्रि 12 बजे उपरांत माता रानी को भोग एवं पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचती है जहां यह भोजन अर्पित किया जाता है। माताजी मोहल्ला स्थित मंदिर परिसर में नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था की गई तथा चुड़ी गली से मंदिर तक मेटी और कारपेट बिछाए गए। साथ ही मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर परिसर में रात्रि से ही पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी तैनात रहे। जहां देर रात से बड़ी संख्या में महिलाएं कतारों में पहुंचकर माता शीतला की पूजा-अर्चना कर भोग लगाती रहीं।

### लाडली बहनों को भेजे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**विदिशा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत विदिशा जिले में एक नवाचार किया गया है। फरवरी 2026 में 575 महिलाओं के खातों में डीबीटी सक्रिय न होने, खाता बंद होने या अन्य तकनीकी कारणों से योजना की राशि नहीं पहुंच पाई थी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अब इन महिलाओं को पोस्टकार्ड भेजकर भुगतान असफल होने के कारणों की जानकारी दी जा रही है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा सारंगपुर पहुंची, कई स्थानों पर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



अखंड भारत के शिल्पी सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में निकाली जा रही एकता यात्रा बुधवार को आगर होते हुए सारंगपुर पहुंची। यह यात्रा गुजरात के पूर्व गृहमंत्री गोवर्धनभाई झड़पिया के नेतृत्व में 5 मार्च को अहमदाबाद से गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल द्वारा रवाना की गई थी। झाबुआ से मध्यप्रदेश में प्रवेश करने के बाद यात्रा विभिन्न शहरों से होती हुई सारंगपुर पहुंची।

नगर में यात्रा का जयनगर चौराहे से स्वागत प्रारंभ हुआ। यह इंदौर नाका, पुराना बस स्टैंड, नया महाराणा प्रताप चौराहा, नया बस स्टैंड, एबी रोड और परशुराम चौराहा होते हुए अकोदिया नाका स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुजरात से आए एकता यात्रा के पदाधिकारियों का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सतीशभाई पटेल, मनुभाई पटेल, जीबी पटेल, रमेशभाई पटेल, रामभाई पटेल और बाबूभाई का भी सम्मान किया गया। डॉ. टेटवाल ने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी और पहले गृह मंत्री थे। उन्होंने आजादी के बाद 560 से अधिक रियासतों का विलय कर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, इसलिए उन्हें लौह पुरुष कहा जाता है। नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर एवं ठंडाई पिलाकर यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला, ओम पुष्पद, मानसिंह पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, महेश पाटीदार सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**उत्कृष्ट कार्यों पर 50 से अधिक महिलाओं का भी हुआ सम्मान**

# बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधि किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




महिला एवं बाल विकास विभाग तथा युवा विकास मंडल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार रात्रि एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल-विवाह मुक्त 20 पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को विभाग ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की मुख्य थीम गिव टू गेन (दान से लाभ) पर विशेष चर्चा की गई।

इस थीम के माध्यम से लैंगिक समानता के लिए सहयोग, समर्थन और संसाधनों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई, अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर महिला पुलिस बल, परिवार एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षकों सहित कुल 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, महिला नेत्री अनीता दुबे, मोना सुस्तानी, विभाग के डीपीओ श्याम बाबू खरे, युवा विकास मंडल संस्था प्रबंधक राजेंद्र मेवाड़ा, प्रिया चांडक, राजाराम, अंकित सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा प्रस्तुत की गई।

### *महिला सशक्तिरण विषय पर हुई विस्तृत चर्चा*

*कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता, महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित और समान वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और उनके सपनों को साकार करने की दिशा में समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।*